प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 28.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन भी सूर्या हांसदा एनकाउंटर, रिम्स टू जमीन विवाद और विश्वविद्यालय विधेयक पर हंगामा।**
2. **राज्य के जल संसाधन और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ी, रांची के एक निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती।**
3. **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने देशभर के स्कूलों से 5 से 15 वर्ष के बच्चों के आधार बायोमेट्रिक को शीघ्र अपडेट करने को कहा, राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखा पत्र।**
4. **प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज 11 वर्ष पूरे, 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी इस पहल की घोषणा।**
5. **रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में फिर बदला मौसम, आज 20 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना, कल सात जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।**

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन आज भी सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विपक्ष ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर, रिम्स टू जमीन विवाद और झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक के खिलाफ हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक के जरिये राज्यपाल और छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा इस विधेयक पर सिर्फ भ्रम फैला रही है।

सरकार का जवाब सुनते ही विपक्ष के सदस्य शोर गुल करने लगे और वेल में जा घुसे। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदस्यों से अपील की कि वे प्रश्न काल सुचारु तरीके से चलने दें लेकिन हंगामा नहीं थमा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही दोबारा शुरु होने पर शून्यकाल सुचारु रुप से जारी है।

****

इससे पहले सदन के बाहर भी सूर्या हांसदा एनकाउंटर, रिम्स टू जमीन विवाद और झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक के खिलाफ भाजपा ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विपक्ष सिर्फ इतना चाहता है कि सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच हो और रिम्स टू की जमीन रैयतों को वापस किया जाये।

****

राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और मधुपुर विधायक हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंत्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। मंत्री हफीजुल हसन का हालचाल जानने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री अस्पताल पहुंचे।

****

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण – यूआईडीएआई ने देश भर के स्कूलों से 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है।

****

रांची एसीबी ने गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड में कार्यरत लेखापाल राजकुमार साहनी को बीस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।बताया जा रहा है कि एक रिटायर्ड कर्मचारी से भविष्य निधि का पैसा निकालने के एवज में वह रिश्वत ले रहा था।

****

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी।

****

गुमला जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

****

बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। ताज़ा रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 192 अंक गिरकर 80,593 पर और निफ्टी 54 अंक गिरकर 24,657 पर आ गया।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 22 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से मौसम फिर बदल गया है। कई स्थानों पर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कल भी गोड्डा, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर रांची में कल से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कल दिन के 10 बजे मोरहाबादी स्तित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेल मंत्री सुदिव्य कुमार इसका शुभारंभ करेंगे। खेल निदेशक शेखर जमुआर ने आज प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर महोत्सव की रुपरेखा के बारे में जानकारी दी।

*****समाप्त*****